

# कभी भी जमींदोज हो सकती हैं यह इमारतें

**खास बातें**

- हर बार खेला जाता है नोटिस देने का खेल
- सरकारी सिस्टम का सुस्त रवैया, देखकर भी अनदेखी
- बारिश में जर्जर भवनों का खतरा बढ़ा विदिशा में प्रशासन लापरवाह, बड़ी दुर्घटना की आशंका
- बारिश में ढ़ह सकते हैं कई मकान, क्या प्रशासन लेगा सबक?
- पुरानी नगर पालिका भवन गिरने की कगार पर, बैंक शाखा भी संकट में

नवभारत न्यूज

**विदिशा 26 जुलाई**, शहर में सैकड़ों ऐसे मकान हैं जो पूरी तरह से खण्डर हो चले है जिनकी उम्र भी पूरी हो गई है इन मकानों में लोग रह रहे हैं और व्यापार भी कर रहे हैं. बारिश के इस दौर में इन मकानों के जमींदोज होने की संभावना बनी रहती है. इन मकानों में रहने वाले लोग अपनी जान से तो खिलबाड़ कर रहे हैं वहीं आसपास के रहवासियों के लिए भी यह खतरनाक साबित हो सकते हैं. इन मकानों को गिराने के नाम पर नोटिस का खेल कई सालों से खेला जा रहा है और इस तरफ कोई ठोस कार्रवाही नहीं की गई. कुछ दिन पहले कलेक्टर ने भी इस मामले में नगर पालिका के अधिकारियों को ठोक कार्रवाही करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद भी अभी तक कोई कार्रवाही नहीं की गई है. बांसकुली क्षेत्र में शनिवार को एक मकान के क्षतिग्रस्त हिस्से को स्वयं मकानवासियों ने गिरा दिया। भवन के दोनों ओर बेरिकेट लगाकर अस्थायी सुरक्षा की गई, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई. इसी क्षेत्र में कई और भवन गिरने की कगार पर हैं. हैरानी की बात यह है कि नगर पालिका स्वयं अपने पुराने भवनों को गिराने में असफल रही है. सिटी कोतवाली के पास स्थित पुराना नगर पालिका भवन बेहद जर्जर स्थिति में है, जबकि टाउन हॉल में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा संचालित है और नगर पालिका का कीमती सामान भी रखा हुआ है.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा हो. कोर्ट में चल रहे विवाद और किराएदारों की जोखिम भरी मौजूदगी सूत्रों के अनुसार, कई ऐसे भवन हैं जो विवादित हैं ङ्क जिनमें किरायेदारी और पारिवारिक संपत्ति विवाद अदालतों में लंबित हैं। कब्जा बनाए रखने के लिए कई किराएदार इन जर्जर भवनों में रहकर न केवल अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं, बल्कि अपने व्यवसाय भी चला रहे हैं.



विदिशा. शहर के बांसकुली इलाके में खण्डर भवन.

### कई सरकारी इमारतों के भी यही हाल

विदिशा शहर में ही कई सरकारी भवन कई दशक पुराने हैं जिनका उपयोग किया जा रहा है इसके बाद भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया. पीतलमील चौरहा स्थित उद्योग विभाग का पुरान भवन भी गिरने की कगार पर है यहां रोजाना शराबियों की महफिल लगी रहती हैं. इसी तरह पुरानी नपा की इमारत भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिसमें कई दुकाने संचालित हो रही है वही एसबीआई की शाखा भी संचालित हो रही है.इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यालय भी जर्जर हो चुका है यहां भी कार्यालय संचालित किया जा रहा हैं.



विदिशा. इस तरह से क्षतिग्रस्त भवन हो सकते है खतरनाक साबित.



विदिशा. कभी भी जमींदोज हो सकता है नपा का पुराना भवन.

### नोटिस जारी किए गए हैं

सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने बताया कि 33 क्षतिग्रस्त भवन मालिकों को क्षतिग्रस्त भवनों को दुरूस्त करने या डिस्मेंटल किए जाने संबधी नोटिस दो बार जारी किए गए हैं. यदि इसके बाद भी कोई क्षतिग्रस्त भवन को दुरूस्त नहीं करता है तो आगामी कार्यवाही की जाएगी. वहीं पुराने नपा भवन में संचालित बैंक सहित दुकानदारों को चार माह में बैंक और दुकानखाली करने के नोटिस जारी किए गए हैं.

### पुरानी नपा की इमारत को डिस्मेंटल करने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा

नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा का कहना है कि जितने पुराने भवन है उनको गिराया जाएगा. जहां पुरानी नपा संचालित होती थी उसको डिस्मेंटल करने के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे.

## स्मार्ट मीटर, सड़क के गड्ढे और शराब के मुद्दों पर सरकार को घेरा

**जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 26 जुलाई, शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न जन समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन माधवगंज चौराहे पर किया गया. इस दौरान कांग्रेस द्वारा स्मार्ट मीटर, बिजली बिल, नगर की खस्ताहाल सड़कों और बेरोजगारी सहित अनेक समस्याओं को लेकर जिम्मेदारों को आड़े हाथों लिया. वहीं जन समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग की.**

इस मौके पर जिला प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनता को परेशान कर रही है। जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं दे पा रही है. सड़क की बात करें, नगर पालिका द्वारा बढ़ाए हुए टैक्स की बात करें, चाहे किसानों को खाद की बात करें किसानों को खाद के लिए परेशान किया जा रहा है उनको खाद मिल नहीं रहा है और गली-गली में शराब बिक रही है गाय रोड पर बैठी हैं, उनका कोई सहारा नहीं है. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को परेशान करती है. विदिशा की सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हो रहे हैं, उन्हें भरवाने का काम नहीं कर रही है. हम इनका पूर्णता विरोध करते हैं। जबरन स्मार्ट मीटर लगाया जा रहे हैं.भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है. शिवराज सिंह चौहान यहां के सांसद हैं और कृषि मंत्री विदिशा को पेरिस बनाने की बात करते थे, लेकिन शहर में सड़कों की खस्ताहाल हालत सहित अन्य जन समस्याएं हैं. शहर के लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं हो पा रही हैं.हम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता प्रशासन से मांग करते हैं अति शीघ्र हमारी मांगे मानी जाएं नहीं तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी.वहीं कांग्रेस द्वारा जन समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन दिया गया. वहीं राजस्थान में स्कूल की छत गिरने से हुई बच्चों की मौत पर श्रद्धांजलि दी गई. इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.

### युवक ने गल्ले में से निकाले रुपए, पुलिस के हवाले किया

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शनिवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आमवाली कॉलोनी में स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान के दुकानदार शैलेंद्र पास में कहीं गए हुए थे.इस दौरान एक अज्ञात युवक जो मुंह पर कपड़ा बांधे हुआ था दुकान पर पहुंच और मौका पाकर गल्ले में से रुपए उठाकर चोरी कर लिए.बाद में वही युवक दुकानदार शैलेंद्र धाकड़ को चौराहे पर नजर आया.पुलिस को सूचना देकर उसे 100 डायल की मदद से पकड़वाया और थाने में सुपुर्द किया और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की गई.

### डीएफओ हेमंत यादव बने वन सेवा संगठन के सहायक सचिव

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** भारतीय वन सेवा संगठन के चुनाव में हेमंत यादव डीएफओ को भारतीय वन सेवा संगठन मध्य प्रदेश के सहायक सचिव के रूप में चुना गया है. इस चुनाव में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव के द्वारा संगठन के समस्त पदाधिकारियों के चुनाव में प्रस्ताव रखे गए, जिसमें प्रदेश के समस्त आईएफएस अधिकारियों के द्वारा अनुमोदन किया गया एवं श्री श्रीवास्तव द्वारा नवीन संगठन के पदाधिकारियों को भविष्य के कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी गई एवं पिछली कार्यकारिणी के समस्त अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया.विदिशा जिले के समस्त कर्मचारियों ने भारतीय वन सेवा संगठन के चुनाव में सहायक सचिव के रूप में आपके निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.यह आपकी कर्मठता, नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव का प्रमाण है. हमें पूर्ण विश्वास है कि आप अपने नए दायित्वों का निर्वहन निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ करेंगे, और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे.

**एक नजर में**

### लाखन सिंह करैया को भ्रातृ शोक

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ठाकुर लाखन सिंह दांगी करैया, के छोटे भाई ब्रह्मानन्द दांगी का असामयिक निधन हो गया, उनके पुत्र उदय भान, विजयभान के द्वारा उन्हें मुखाग्नी दी गई, उनके निधन पर अनेक नागरिकों, तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते, शोक व्यक्त किया है.

### चित्रों के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. इसी कड़ी में सांदीपनी स्कूल में चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. इस मौके पर विद्यार्थियों ने चित्रकला एवं निबंध के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया. इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर, थाना प्रभारी पंकज गीते, विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, सत्यनारायण शर्मा एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया.

## भीख मांग रहे बच्चों के परिजनों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शनिवार को महाबली युवा संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया. ज्ञापन के माध्यम से बताया कि विदिशा में दिन ब दिन भीख मांगने वाले बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है और जिन परिवारों के बच्चे भीख मांग रहे हैं, वह शाम को शराब पीकर विवाद की करते हैं.उन्होंने भीख मांग रहे बच्चों पर रोक लगाकर परिजनों पर कार्रवाई करने की मांग की है.

शनिवार को महाबली युवा संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया.इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि विदिशा नगर में भीख मांगने वाले बच्चों की संख्या दिन-दिन बढ़ती जा रही है, जिसके कारण से लोग काफी परेशान हैं. उन्होंने कहा कि बाहर से आए हुए लोग अपने बच्चों से भीख मंगवा रहे हैं और उनके माता-पिता घर पर बैठे रहते हैं बच्चे भी मांग कर घर पहुंचते हैं तो उनसे पूरे पैसे छीन लिए जाते हैं और उसे पैसे से शराब पीकर घर में पड़े रहते हैं.

### नवांकुर सखी ने आयोजित किया हरियाली महोत्सव

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,**मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कुरवाई विकासखंड, सेक्टर लायरा की नवांकुर संस्था रामप्रयास समाज कल्याण समिति राजपुर के अध्यक्ष बलवीर प्रजापति के संयोजन में हरियाली अमावस्या पर नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का शुभारंभ ग्राम पंचायत जरगुवा में हुआ.जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक आशीष जैन ने कहा कि नवांकुर सखी के माध्यम से घर घर पर्यावरण की अलख जगाना है.नवांकुर सखियां ग्राम स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है.कार्यक्रम में दीपचंद सप्रै संजय राठौर,दीनदयाल कुशवाह ने पर्यावरण और समाज पर अपने विचार रखे.

### झीलकुआं मंदिर से आज निकलेगी कावड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

विदिशा,झीलकुआं हनुमान मंदिर से प्रतिवर्ष निकाली जाने वाले कांवड़ यात्रा आज रविवार सुबह 11 बजे से निकाली जाएगी. झील कुआं हनुमान मंदिर शिवालय से शुरू होकर कांवड़ यात्रा बेतवा के बड़ वाले घाट पर पहुंचेगी. जहां से जल लाकर कावड़िए भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे. मंदिर के पुजारी राजू महाराज व मंदिर आयोजन समिति अध्यक्ष पूरनलाल कुशवाह ने वार्डवासियों से कांवड यात्रा में शामिल होने की अपील की है.

### सेंट मैरी आयोजित हुआ संस्कार समारोह

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सेंटमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संस्कार समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों की कार्यकारिणी का गठन किया गया.स्कूल के हेड बॉय जगदीश विश्वकर्मा हेड गर्ल वंशिका दांगी, वाइस हेड बॉय ऋ षभ राजपूत वाइस हेड गर्ल अदिति दुबे बनी.इनके साथ उनकी कमेटी में स्पोर्ट्स मिनिस्टर कैलाश दांगी, इको और पीस क्लब मिनिस्टर वैष्णवी दांगी, डिसिप्लिन कमेटी मिनिस्टर रिमझिम दांगी, कल्चरल क्लब मिनिस्टर अक्षरा यादव, डेकोरेशन समिति मिनिस्टर राधिका दांगी, लिटरेरी क्लब मिनिस्टर राधिका दांगी, लैंग्वेज क्लब मिनिस्टर रेखा लोधी, साइंस क्लब मिनिस्टर श्रद्धा रघुवंशी, रेड हाउस कैप्टन माही नामदेव, येलो हाउस कैप्टन मयंक रघुवंशी, ब्लू हाउस कैप्टन तनु शर्मा और ग्रीनहाउस कैप्टन लाली रघुवंशी को बनाया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करनल विकास गुप्ता रहे.उन्होंने पदाधिकारियों को कैप तथा बैच लगाकर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई.प्रिंसिपल सिस्टर थेरेसा ने नवीन पदाधिकारियो को बधाई दी.कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल अनिल वी,डॉ गिरीश सुर्जन सहित स्टाफ उपस्थित था.



### देवपुर के जल से करेंगे बाबा महाकाल का अभिषेक

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** क्षेत्र के ग्राम देवी टोरी में मंदिर मंशापूर्ण सरकार से श्रद्धालु चलकर बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर के कुंड से पवित्र जल भरकर कांवड़ लेकर कांवड़ियों का जत्था उज्जैन महाकालेश्वर के लिए पैदल रवाना हुआ. इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा कांवड़ियों का फूलमाला से स्वागत किया गया. यह यात्रा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग द्वारा करीब 3 वर्ष से निरंतर निकल जा रही है. यात्रा प्रमुख गोलू विश्वकर्मा, डालचंद कुशवाह, बड़े कुशवाह, समरसता प्रमुख विभाग राकेश सक्सेना, जिला संयोजक जगदीश शाक्य, प्रखंड अध्यक्ष अनिल राठौड़, प्रखंड मंत्री राजेश साहू, दिनेश सेन, नरेंद्र नामदेव, लालाराम कुशवाह, गुलाब सिंह कुशवाह आदि मौजूद रहे.

## उल्टी-दस्त से मौतों का आसान उपाय ओआरएस

**जीवन रक्षक घोल भविष्य के उत्तम स्वास्थ्य का वरदान- डॉ एमके जैन**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिला अस्पताल के शिशु वार्ड और चहक क्लिनिक में विश्व ओआरएस जागरूकता सप्ताह आयोजित कार्यक्रम में आईएपी विदिशा के अध्यक्ष एवं आईएमए के प्रदेश डॉ.एम के जैन ने बताया कि ओआरएस एक जीवन रक्षक घोल है.जो दस्त उल्टी और अन्य बीमारियों में पानी की कमी को दूर करने में सहायक है और ओआरएस के सही तरीके से उपयोग करने असामयिक होने वाली मौतों से सुरक्षा मिलती है.**

आगे बताया कि ओआरएस मतलब हमारे घरों में आसानी से उपलब्ध तरल पदार्थ जैसे पतली दाल, चावल, खिचड़ी, दलिया, नीबू की शकंजी, हल्की चाय, दही और मट्ठा तथा नारियल पानी और रेडीमेड ओआरएस के पैकेट जो हर सरकारी और निजी अस्पताल में आसानी उपलब्ध होते हैं.इस वर्ष की ओआरएस जागरूकता अभियान की थीम ओआरएस एक साधारण घोल है लेकिन सुरक्षित भविष्य के स्वास्थ्य के लिए वरदान से कम नहीं है और इस वर्ष का ओआरएस जागरूकता का स्लोगन नारा जरूरत के समय ओआरएस पिए और मजबूत बने रहे.विदिशा आईएपी के सचिव डॉ सुरेंद्र सोनकर ने बताया कि 25 जुलाई से 31 जुलाई ओआरएस जागरूकता सप्ताह पूरी दुनिया में मनाया जाता है ताकि दस्त-उल्टी,बुखार, लू और अत्यधिक गर्मी के प्रकोप से शरीर आने वाली कमी जैसे पानी, लवण, और ग्लूकोज की कमी को दूर कर उनसे होने वाली मौतों को बचाया जा सके.

## श्री पुण्यकालेश्वर महादेव जी की भव्य शाही सवारी निकली

नवभारत न्यूज

**विदिशा, श्रावण मास के पावन अवसर पर विदिशा नगरी एक बार फिर भक्ति एवं शिव प्रेम में डूबी नजर आई. बेतवा नदी के पवित्र तट पर स्थित बाढ़ वाले घाट से अयोध्या नगर स्थित शिवधाम मंदिर तक श्री पुण्यकालेश्वर महादेव जी की भव्य शाही सवारी निकाली गई.यह ऐतिहासिक धार्मिक यात्रा श्रद्धा, आस्था, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम बन गई.शनिवार को सवारी का शुभारंभ दोपहर 12 बजे बेतवा नदी पर भगवान भोलेनाथ के पावन अभिषेक के साथ हुआ, जिसके पश्चात भगवान को सुसज्जित पालकी में विराजमान किया गया. डमरू, ढोल, नगाड़े, मंजीरे और भक्तों के भजन-कीर्तन की गूंज के बीच हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष ने सम्पूर्ण नगर को शिवमय बना दिया.**

सवारी रामलीला चौराहा, राजपूत धर्मशाला से होते हुए अयोध्या नगर स्थित श्री पुण्यकालेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत एवं पूजन हुआ। सेन समाज के रितेश सेन मनीष सेन आदि एवं डॉ. पुरु चंदेल एवं विशाल साहू द्वारा विशेष स्वागत मंच का आयोजन किया गया. पालकी को अपने कंधों पर लेकर चलने का सौभाग्य रेल सलाहकार समिति के सदस्य एवं मंदिर व्यवस्थापक कमलेश सेन सहित कई श्रद्धालुओं को मिला.समापन अयोध्या नगर स्थित शिवधाम मंदिर में भगवान की आरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ. इस आयोजन में प्रमुख रूप से पूर्व वित्त मंत्री राघवजी भाई, सनातन हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश राजपूत, पार्षद नवीन दांगी, मनीषा राजपूत, पूर्व पार्षद नवनीत कुशवाहा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

**लापरवाही** | **बारिश में अंतिम संस्कार करने में ग्रामीण होते परेशान**

# किशनपुर के मुक्तिधाम में नही टीन शेड

नवभारत न्यूज

**पठारी,तहसील अंतर्गत कुरवाई जनपद पंचायत की मथुरापुर पंचायत के ग्राम किशनपुरा के मुक्ति धाम में टीनशेड नही होने की वजह से ग्रामीणों को मृत परिजनों के अंतिम संस्कार करने में भारी समस्या हो रही है. जिसके चलते बारिश के मौसम में खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है.**

मुक्तिधाम बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हालत में है ग्राम किशनपुर के सुलतान गुर्जर,राजेश गुर्जर ने बताया कि पिछले 6 वर्ष पूर्व आंधी तूफान में यह टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया था उन्होने बताया कि इस संबंध में उन्होंने कई बार अधिकारियों से मुक्तिधाम का टीन सेट एवं मुक्तिधाम मेंटीनेंस कार्य कराने की मांग की है, इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा भी कई बार टीन सेट निर्माण राशि स्वीकृत करने की मांग की है लेकिन इसके बाद भी उक्त टीन सेट के लिए राशि स्वीकृत नही हो सकी है.इस संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव मूरत सिंह विश्वकर्मा ने बताया कि नवीन टीन शेड का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जायेगा.



## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत एसएटीआई में हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**विदिशा, पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी विशेष जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत तथा करगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई को सम्राट अशोक प्रौद्योगिकी संस्थान पॉलिटेक्निकल कॉलेज में एक भव्य जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.उनके साथ मंच पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नवीन गोयल, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष दीपेश यादव, सिविल विभागाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, अंग्रेजी विषय की व्याख्याता एवं मंच संचालक डॉ. रश्मि जैन, आरसी प्रतिनिधि सुजीत देवलिया तथा रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. जनार्दन जादौन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे.इस अवसर पर कॉलेज परिसर पुलिस विभाग की तरफ से सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक विमलेश राय एवं यातायात थाना प्रभारी आशीष राय सहित लगभग 200 से 250 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही. कार्यक्रम में नशे की बुराइयों को उजागर करने वाली लघु फिल्म एवं शॉर्ट वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित छात्रों और शिक्षकों ने गहनता से देखा. इसके अलावा प्रेरणादायक भाषण, पोस्टर प्रजेंटेशन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को नशा न करने की सीख दी गई.साथ ही इस दौरान करगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप 2 मिनट का मौन रखा गया और युवाओं ने उनसे प्रेरणा लेकर नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की.एसपी श्री काशवानी ने अपने संबोधन में युवाओं को करगिल के शौर्य से प्रेरणा लेकर समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण एवं नशा मुक्ति जैसे सकारात्मक कार्यों में जुटने की अपील की. उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा यदि सही दिशा में लगे तो समाज को नशामुक्त बनाना संभव है.कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व अतिथियों ने नशे से दूर रहने व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया.

### समर्थ सदगुरू की प्राप्ति से ही मिटता अज्ञान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**समर्थ सदगुरू की प्राप्ति से ही मिटता अज्ञान उक्त बात प्रज्ञा पुराण कथा के दौरान कथा वाचक मुकेश श्रीवास्तव द्वारा कही गई.इस विषय पर और विस्तार पूर्वक समझाते हुए उन्होंने कहा कि काम ,क्रोध , मोह ,लोभ और और अहंकार रूपी दलदल में फंसे हुए संसारी मनुष्य को सद्गुरु सहारा देकर बाहर निकलते हैं और उसके अंत:करण में छाये अंधकार रूपी अज्ञान को मिटा कर उसकी आत्मा को सदज्ञान से प्रकाशित कर देते हैं.मनुष्य के अधिकांश दुखों का मूल कारण अज्ञान ही है.आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त होने पर मनुष्य सीधे ईश्वर से जुड़ जाता है और प्रत्येक स्थिति में सुख ,शांति एवं संतोष का अनुभव करता है.